मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः 24.03.2026

थाना को0कटरा साइबर सेल टीम द्वारा फेसबुक फेक प्रोफाइल के माध्यम से हुई ठगी की घटना से सम्बन्धित ₹ 30,000/- को पीड़ित के खाते में कराया गया वापस —

आवेदक फिरोज खान पुत्र फैय्याज खाना निवासी खंदवा नाला गैवीघाट थाना को0कटरा जनपद मीरजापुर ने दिनांक 18.11.2025 को आनलाइन फ्राड की सूचना NCRP पोर्टल पर प्राप्त हुआ था। जिसमें आवेदक द्वारा बताया गया कि उसका फेक फेसबुक प्रोफाइल बनाकर UPI के माध्यम से 30,000 रूपये का फ्राड कर लिया गया। फ्राड का पता चलते ही आवेदक द्वारा साइबर कम्प्लेन कराया गया। इस सम्बन्ध में साइबर सेल थाना को0कटरा टीम द्वारा जांच प्रारम्भ कर दी गयी।

अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में साइबर सेल को0कटरा द्वारा जांच के दौरान आवेदक द्वारा ट्रान्सफर किये कुल धनराशि मे से 30,000 रुपया आवेदक के खाते में वापस कराया गया। आवेदक के खाते में पैसा वापस आने पर साइबर सेल थाना को0कटरा की आवेदक द्वार भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया गया। आवेदक को साइबर जागरूकता अभियान के तहत साइबर से होने वाली ठगी के सम्बन्ध में जागरूक किया गया व और भी लोगों को उनके द्वारा साइबर ठगी से सावधान रहने हेतु बताये जाने की बात बतायी गयी।

साइबर सेल टीम थाना को0कटरा मीरजापुर

थानाध्यक्ष बैद्यनाथ सिंह, उ0नि0 कृष्णकान्त त्रिपाठी व का0 इरफान अंसारी थाना को0कटरा जनपद मीरजापुर।